अंक-योजना

अत्यंत गोपनीय

(केवल आंतरिक और प्रतिबंधित उपयोग के लिए)

वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रमाणपत्र परीक्षा, 2026

विषय---हिंदी (ऐच्छिक)

**Series: S2RPQ** (प्रश्न-पत्र कोड **29/**2/3**)**

## सामान्य निर्देश: -

| | |
|---|---|
| **1** | सीबीएसई ने 2026 की परीक्षा से कक्षा XII की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए 'ऑन स्क्रीन मार्किंग' (OSM) शुरू करने का निर्णय लिया है। |
| **2** | आप जानते ही हैं कि परीक्षार्थियों के वास्तविक और सही मूल्यांकन में 'मूल्यांकन' सबसे महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी गलती भी गंभीर समस्याओं का कारण बन सकती है, जिसका प्रभाव परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा-प्रणाली और शिक्षण पर पड़ सकता है। आपसे अनुरोध है कि गलतियों से बचने के लिए मूल्यांकन शुरू करने से पहले 'मूल्यांकन दिशा-निर्देशों' को ध्यान से **अवश्य** पढ़ें, समझें और मूल्यांकन करते समय उनका पालन **अवश्य** करें। |
| **3** | "मूल्यांकन एक गोपनीय नीति है क्योंकि यह आयोजित परीक्षाओं, किए गए मूल्यांकन और कई अन्य पहलुओं की गोपनीयता से संबंधित है। किसी भी तरह से इसे सार्वजनिक करने से परीक्षा-प्रणाली पटरी से उतर सकती है और लाखों परीक्षार्थियों के जीवन और भविष्य को प्रभावित कर सकती है। इस नीति/दस्तावेज को किसी से भी साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र/वेबसाइट में छापना आदि बोर्ड और बीएनएस के विभिन्न नियमों के अंतर्गत कार्यवाही को आमंत्रित कर सकता है।" |
| **4** | मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए निर्देशों और निर्धारित चरणों (Steps) के अनुसार किया जाना चाहिए। इसे किसी की अपनी व्याख्या या किसी अन्य विचार के अनुसार नहीं किया जाना चाहिए। अंक-योजना का सख्ती से पूरी तरह पालन किया जाना चाहिए। मूल्यांकन करते समय, जो उत्तर नवीनतम जानकारी या ज्ञान पर आधारित हैं, उनका सत्यता एवं प्रासंगिकता के आधार पर मूल्यांकन किया जाए। योग्यता-आधारित प्रश्नों का मूल्यांकन करते समय दिए गए उत्तर को समझने का प्रयास करें और उचित अभिव्यक्ति पर उचित अंक दें। |
| **5** | अंक-योजना में उत्तरों के लिए केवल सुझावात्मक बिंदु दिए गए हैं। ये केवल दिशा-निर्देश हैं। परीक्षार्थी की प्रस्तुति अगर सही है, तो प्रश्न के आधार पर उचित अंक दिए जाएँ। |
| **6** | प्रधान परीक्षक को पहले दिन प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता द्वारा मूल्यांकित पहली पाँच उत्तर पुस्तिकाओं का पुनरावलोकन अवश्य करना चाहिए, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार किया गया है। यदि मूल्यांकन में कोई भिन्नता है तो विचार-विमर्श और चर्चा के बाद उसे दूर किया जाना चाहिए। मूल्यांकन के लिए शेष उत्तर पुस्तिकाएँ यह सुनिश्चित करने के बाद ही दी जाएँ। |

| | |
|---|---|
| **7** | मूल्यांकनकर्त्ता उत्तर सही होने पर सही (✓) का निशान लगाएँ, गलत उत्तर के लिए क्रॉस (**X**) का निशान लगाएँ। मूल्यांकन करते समय सही (✓) का निशान नहीं लगाने पर भ्रम की स्थिति उत्पन्न होती है और यह आभास होता है कि उत्तर सही है और कोई अंक नहीं दिया गया। |
| **8** | अगर किसी प्रश्न में उपभाग हैं तो कृपया OSM पोर्टल में प्रत्येक उपभाग के लिए दाईं ओर अंक दें। प्रश्न के विभिन्न उपभागों पर दिए गए अंकों का योग OSM सिस्टम करेगा। |
| **9** | यदि किसी प्रश्न में कोई उपभाग नहीं है, तो OSM पोर्टल में बाईं ओर हाशिये में अंक दिए जाने चाहिए। इसका भी सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। |
| **10** | वर्तनी सम्बन्धी एक ही अशुद्धि के लिए बार-बार अंक न काटा जाए। |
| **11** | अंकों के पूरे पैमाने 0 से 80 अंक का उपयोग किया जाए। यथोचित उत्तर पर पूरे अंक देने में संकोच न करें। |
| **12** | प्रत्येक परीक्षक को अनिवार्य रूप से पूरे कार्यसमय अर्थात प्रतिदिन 8 घंटे मूल्यांकन कार्य करना होगा तथा मुख्य विषयों में प्रतिदिन 20 उत्तर पुस्तिकाओं तथा अन्य विषयों में प्रतिदिन 25 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करना होगा (विवरण दिशा-निर्देशों में दिया गया है)। यह पाठ्यक्रम में कमी तथा प्रश्न-पत्र में प्रश्नों की संख्या को ध्यान में रखते हुए किया गया है। |
| **13** | उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के समय यदि उत्तर पूर्णतः गलत पाया जाए, तो उस पर क्रॉस (X) का निशान लगाकर शून्य (0) अंक दिया जाना चाहिए। |
| **14** | परीक्षकों को वास्तविक मूल्यांकन शुरू करने से पहले मूल्यांकन के लिए दिए गए दिशानिर्देशों से परिचित होना चाहिए। |
| **15** | परीक्षार्थी निर्धारित प्रोसेसिंग फीस का भुगतान करके उत्तर पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त करने के हकदार हैं। सभी परीक्षकों/अतिरिक्त प्रधान परीक्षकों/प्रधान परीक्षकों को एक बार फिर याद दिलाया जाता है कि उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि मूल्यांकन प्रत्येक उत्तर के लिए अंकयोजना में दिए गए मूल्य बिंदुओं के अनुसार सख्ती से किया गया है। |
| **16** | यदि किसी परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न का उत्तर लिखा है तो अधिक अंक पाने वाले प्रश्न के उत्तर को ही स्वीकार किया जाना चाहिए तथा अन्य उत्तर पर 'अतिरिक्त प्रश्न' लिखकर काट दिया जाना चाहिए। |
| **17** | यदि परीक्षार्थी ने कोई प्रश्न नहीं किया है, तो मूल्यांकनकर्ता उस प्रश्न-संख्या के सामने अंकतालिका में "NA" (प्रयास नहीं किया गया) अंकित करेगा। |

**अंक योजना**

**हिंदी ऐच्छिक (विषय कोड - 002)**

**प्रश्न-पत्र कोड : 29/2/3 (S2RPQ)**

**निर्धारित समय: 3 घंटे** **अधिकतम अंक: 80**

| प्र. सं. | अपेक्षित/सांकेतिक उत्तर बिंदु | अंक | Step |
|---|---|---|---|
| | **खंड – क**<br>**(अपठित बोध)** | | |
| **1.** | अपठित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के अपेक्षित उत्तर : | 10 | |
| **(i)** | (B) तालाब | 1 | Step 1-1 Mark |
| **(ii)** | **(C)** जल-आपूर्ति का प्रमुख स्रोत होने की | 1 | Step 1-1 Mark |
| **(iii)** | **(B)** भारतीय संस्कृति में तालाबों की महत्ता दर्शाने के लिए | 1 | Step 1-1 Mark |
| **(iv)** | • जैव-विविधता बनाए रखने में सहायक<br>• वायु प्रवाह को विनियमित करने में सहायक<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित) | 1 | Step 1-1 Mark |
| **(v)** | • जल-आपूर्ति का बड़ा साधन<br>• लोक व्यवहार और ग्राम्य सूचना जानने का केंद्र | 2 | Step 1-1 Mark<br>Step 2-1 Mark |
| **(vi)** | • **संचयन** - एकत्रित करना<br>उदाहरण - वर्षा के जल को एकत्रित करने के लिए तालाब का निर्माण<br>• **संरक्षण -** उपलब्ध जल-संसाधनों की रक्षा करना, नष्ट होने से बचाना<br>उदाहरण - नदियों के जल को प्रदूषित होने से बचाना | 2 | Step 1-1 Mark<br>Step 2-1 Mark |
| **(vii)** | • जल संचयन के लिए तालाबों का निर्माण<br>• जल संरक्षण के लिए तालाबों की देख-रेख जिससे दुष्काल आसानी से निकल जाए | 2 | Step 1-1 Mark<br>Step 2-1 Mark |
| **2.** | अपठित पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के अपेक्षित उत्तर : | 8 | |
| **(i)** | **(B)** सर्वहारा वर्ग को उनके अधिकार दिलाने के लिए | 1 | Step 1-1 Mark |
| **(ii)** | **(C) (1 – ii), (2 – i), (3 – iii)** | 1 | Step 1-1 Mark |
| **(iii)** | **(A)** सर्वहारा वर्ग की | 1 | Step 1-1 Mark |
| **(iv)** | • जो देश और समाज के लिए हितकर और उपयोगी हो | 1 | Step 1-1 Mark |
| **(v)** | • कवि | 2 | Step 1-1 Mark<br>Step 2-1 Mark |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **विशेषताएँ-**<br>• लोगों को अन्याय और अत्याचार से मुक्ति दिलाने वाला<br>• निडर और दृढ़-निश्चयी | | |
| **(vi)** | • दुखी, पीड़ित, असहाय व्यक्तियों के जीवन में प्रेम का संचार करना<br>• प्रेम भरे व्यवहार से लोगों के दुख-दर्द और निराशा को दूर करना | 2 | Step 1-1 Mark<br>Step 2-1 Mark |
| | **खंड - ख**<br>**(अभिव्यक्ति और माध्यम पुस्तक के आधार पर)** | | |
| **3** | प्रश्नों के अपेक्षित उत्तर : | | |
| **(i)** | **अभिप्राय -**<br>ऐसी प्राकृतिक ध्वनियाँ/ आवाजें जो खबरों या अन्य कार्यक्रमों को शूट करते समय खुद-ब-खुद रिकार्ड हों<br>**उपयोगिता -**<br>ख़बरों में स्वाभाविकता | 1 | Step 1-0.5 Mark<br>Step 2-0.5 Mark |
| **(ii)** | • इंटरनेट पत्रकारिता की स्थिति व्यापक एवं समृद्ध<br>• अधिकांश अखबार इंटरनेट पर उपलब्ध, सभी अखबारों व चैनलों की अपनी स्वतंत्र वेबसाइट | 2 | Step 1-1 Mark<br>Step 2-1 Mark |
| **(iii)** | • सरल, सहज और आम बोलचाल की, क्षेत्र विशेष की तकनीकी शब्दावली से युक्त<br>• विशेष रिपोर्ट की शैली अधिकांशत: उलटा पिरामिड शैली, कभी-कभी फीचर शैली का प्रयोग | 2 | Step 1-1 Mark<br>Step 2-1 Mark |
| **4.** | **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में अपेक्षित : | 3x2=6 | |
| **(i)** | • कविता विचारों एवं भावनाओं की अनुभूतिजन्य संवेगात्मक अभिव्यक्ति<br>• कविता के लिए अन्य कलाओं की भाँति किसी बाहय उपकरण की आवश्यकता नहीं<br>• कविता रचने की प्रतिभा प्रकृति प्रदत्त, जिसे किसी नियम या सिद्धांत के अनुसार सिखाना कठिन | 3 | Step 1- 1 Mark<br>Step 2- 1Mark<br>Step 3- 1Mark |
| **(ii)** | • नाटक दृश्य-काव्य जिसमें दर्शक/ प्रेक्षक का वर्तमान में ही उपस्थित रहकर घटित घटना से अवगत होना<br>• भूतकाल की घटनाओं अथवा भविष्य की कल्पनाओं को वर्तमान काल में ही मंच पर मंचित/ अभिनीत करना<br>• कोई भी उपयुक्त उदाहरण स्वीकार्य | 3 | Step 1- 2 Mark<br>Step 2- 1Mark |
| **(iii)** | **कहानी-** | 3 | Step 1- 1 Mark |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | किसी घटना, पात्र या समस्या का क्रमबद्ध ब्योरा जिसमें परिवेश, द्वंद्वात्मकता, कथा का क्रमिक विकास और चरम-उत्कर्ष हो<br>**कहानी के तत्त्व** –<br>कथानक, देशकाल और वातावरण, पात्र एवं चरित्र-चित्रण, संवाद, द्वंद्व, चरम-उत्कर्ष (क्लाइमेक्स), उद्देश्य | | Step 2- 2 Mark |
| **5.** | **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में अपेक्षित : | 3x2=6 | |
| **(i)** | • वर्तमान समय में भारत में हिंदी नेट पत्रकारिता की स्थिति व्यापक एवं समृद्ध<br>• सरकारी एवं गैर सरकारी क्षेत्रों में होने वाले अधिकांश कार्य हिंदी में भी इंटरनेट पर उपलब्ध, तमाम मंत्रालयों, विभागों और बैंकों के भी अपने हिंदी अनुभाग<br>• हिंदी के अनेक अखबार इंटरनेट पर उपलब्ध, सभी अखबारों व चैनलों की अपनी स्वतंत्र वेबसाइट | 3 | Step 1- 1 Mark<br>Step 2- 1Mark<br>Step 3- 1Mark |
| **(ii)** | • रिपोर्ट का प्रारूप : **1** अंक<br>• विषयवस्तु एवं भाषा : **2** अंक | 3 | Step 1- 1 Mark<br>Step 2- 2Mark |
| **(iii)** | • आर्थिक पत्रकारिता की अपनी तकनीकी शब्दावली होने के कारण<br>• विषय विशेष की तकनीकी शब्दावली, घटनाओं और मुद्दों को आम लोगों की समझ लायक बनाने के लिए<br>• आर्थिक जगत की गहन जानकारी रखने वाले वर्ग को भी संतुष्ट करने हेतु | 3 | Step 1- 1 Mark<br>Step 2- 1Mark<br>Step 3- 1Mark |
| **6.** | **किसी एक** विषय पर लगभग **100** शब्दों में रचनात्मक लेखन:<br>• विषयवस्तु : **3** अंक<br>• भाषा : **1** अंक<br>• प्रस्तुति : **1** अंक | 5 | Step 1-3 Mark<br>Step 2- 1 Mark<br>Step 3- 1 Mark |
| | **खंड - ग**<br>**(पाठ्यपुस्तकों अंतरा, अंतराल के आधार पर)** | | |
| **7.** | किसी **एक** काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या लगभग **100** शब्दों में अपेक्षित :<br>• संदर्भ : 1 अंक (कवि और कविता का नाम)<br>• प्रसंग : 1 अंक (पूर्वापर संबंध)<br>• व्याख्या : 3 अंक<br>i) सामान्य अर्थ लिखने पर 1 से 2 अंक दिए जाएँ | 6 | Step 1- 1 Mark<br>Step 2- 1 Mark<br>Step 3- 3 Mark<br>Step 4- 1 Mark |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | ii) सामान्य अर्थ के साथ भावार्थ स्पष्ट करने पर पूरे 3 अंक दिए जाएँ<br>• विशेष : 1 अंक<br>(i) कवि- सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय'<br>कविता- यह दीप अकेला<br>(ii) कवि- तुलसीदास<br>कविता- भरत-राम का प्रेम | | |
| **8.** | पठित काव्यांश पर आधारित **बहुविकल्पीय** प्रश्नों के उत्तर : | 1x5=5 | |
| **(i)** | **(B)** पवन के झँकोरे | 1 | Step 1- 1 Mark |
| **(ii)** | **(C)** प्रिय मिलन की धूमिल आशाओं को दर्शा रही हैं। | 1 | Step 1- 1 Mark |
| **(iii)** | **(D)** कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है। | 1 | Step 1- 1 Mark |
| **(iv)** | **(B)** **(1 – iii), (2 – i), (3 – ii)** | 1 | Step 1- 1 Mark |
| **(v)** | **(A)** फागुन आते ही सब रेशमी वस्त्र धारण कर श्रृंगार करने लगते हैं। | 1 | Step 1- 1 Mark |
| **9.** | **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में अपेक्षित : | 2x2=4 | |
| **(i)** | • सुजान के वियोग में व्याकुल और व्यथित कवि घनानंद का मरणासन्न स्थिति में पहुँच जाना<br>• संसार से विदा होने से पूर्व सुजान के संदेश को सुनने की उत्कट अभिलाषा | 2 | Step 1- 1 Mark<br>Step 2- 1 Mark |
| **(ii)** | **लता**- सरोज की माता, **कली**- सरोज<br>**आशय**<br>सरोज की माँ और सरोज दोनों का पालन-पोषण एक ही स्थान/ परिवार में होना | 2 | Step 1- 1 Mark<br>Step 2- 1 Mark |
| **(iii)** | • जो अस्तित्व में है उसका सुगबुगाना – **जागृति**<br>• जो अस्तित्व में नहीं है उसमें भी अंकुरण – **चेतना** अर्थात वसंत आगमन के साथ नई उमंग और नए संकल्प का संचार | 2 | Step 1- 1 Mark<br>Step 2- 1 Mark |
| **10.** | **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40** शब्दों में अपेक्षित : | 2x2=4 | |
| **(i)** | • वसंत पंचमी और होली आदि त्योहारों पर उनके घर में नृत्य-संगीत और उत्सव के कार्यक्रमों का आयोजन<br>• उनकी हर अदा से रईसी टपकना, एक छोटे लड़के का उनके पीछे पान की तश्तरी लेकर चलना | 2 | Step 1- 1 Mark<br>Step 2- 1 Mark |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **(ii)** | • भोली-भाली आम जनता के प्रतीकार्थ<br>**क्यों-**<br>• शेर द्वारा जानवरों को उनकी इच्छानुसार सुविधा देने, अपने अहिंसावादी और सहअस्तित्ववादी होने का विश्वास दिलाए जाने के कारण | 2 | Step 1- 1 Mark<br>Step 2- 1 Mark |
| **(iii)** | **विकास का उजला पहलू-**<br>• औद्योगिक विकास और भौतिक सुख-सुविधाओं का बढ़ना<br>**विनाश का अँधेरा-**<br>• प्राकृतिक संपदा नष्ट हो जाना<br>• मनुष्य का अपनी जड़-जमीन, परिवेश, संस्कृति से हमेशा के लिए उजड़ जाना, पुनर्स्थापन की कोई संभावना न रहना | 2 | Step 1- 1 Mark<br>Step 2- 1 Mark |
| **11.** | पठित गद्यांश पर आधारित **बहुविकल्पीय** प्रश्नों के उत्तर : | 1x5=5 | |
| **(i)** | **(D)** बड़ी हवेली की सुख-समृद्धि के | 1 | Step 1- 1 Mark |
| **(ii)** | **(C)** बड़े भैया का अचानक मृत्यु को प्राप्त हो जाना | 1 | Step 1- 1 Mark |
| **(iii)** | **(A)** प्रजा | 1 | Step 1- 1 Mark |
| **(iv)** | **(D)** बड़ी हवेली की शानो-शौकत खत्म हो गई है। | 1 | Step 1- 1 Mark |
| **(v)** | **(D)** संपत्ति बँटवारे के दौरान बड़ी बहुरिया के देवरों की निर्दयता को दर्शाने हेतु | 1 | Step 1- 1 Mark |
| **12.** | किसी **एक** गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या लगभग **100** शब्दों में अपेक्षित :<br>• संदर्भ : 1 अंक (पाठ और लेखक का नाम)<br>• प्रसंग : 1 अंक (पूर्वापर संबंध)<br>• व्याख्या : 3 अंक<br>i) सामान्य अर्थ लिखने पर 1 से 2 अंक दिए जाएँ<br>ii) सामान्य अर्थ के साथ भावार्थ स्पष्ट करने पर पूरे 3 अंक दिए जाएँ<br>• विशेष : 1 अंक<br>(i) पाठ - सुमिरिनी के मनके (बालक बच गया)<br>लेखक -पंडित चंद्रधर शर्मा गुलेरी<br>(ii) पाठ- कुटज<br>लेखक - हजारी प्रसाद द्विवेदी | 6 | Step 1- 1 Mark<br>Step 2- 1 Mark<br>Step 3- 3 Mark<br>Step 4- 1 Mark |
| **13.** | **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **100** शब्दों में अपेक्षित : | 5x2=10 | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **(i)** | • अपनी अभिलाषाओं (मिठुआ की शादी, पितरों का तर्पण, कुआँ बनवाना) की पूर्ति हेतु अपने जीवनभर की संचित पूँजी (पोटली) बचाने के लिए<br>• प्रश्न के दूसरे भाग के उत्तर के लिए विद्यार्थियों की तर्कपूर्ण अभिव्यक्ति पर यथोचित अंक दिए जाएँ | 5 | Step 1- 2 Mark<br>Step 2- 3 Mark |
| **(ii)** | • उस नारी का सौन्दर्य चाँदनी रात में जूही के फूल की तरह<br>• रूप-सौंदर्य (चाँदनी रात में जूही के फूल की तरह)<br>• गुण-सौंदर्य (जूही में खुशबू और नारी में आकर्षण)<br>• दोनों का प्रकृति से साम्य मानो प्रकृति ने नारी का रूप धारण कर रखा हो<br>• प्रकृति का लेखक के ह्रदय में सजीव रूप में बसने के कारण प्रकृति और नारी के सौंदर्य में एकाकार | 5 | Step 1- 1 Mark<br>Step 2- 1 Mark<br>Step 3- 1 Mark<br>Step 4- 1 Mark<br>Step 5- 1 Mark |
| **(iii)** | किसी समय में मालवा का धन-धान्य से पूर्ण होना, चहुँ ओर लहलहाती फसलें, ताल-तलैया, नदी-नालों का जल से भरा होना<br>**वर्तमान स्थिति-**<br>• पर्यावरणीय असंतुलन--अतिवृष्टि या अनावृष्टि होना<br>• भूजल का अत्यधिक दोहन, नदी-नालों का सूखना और अत्यधिक प्रदूषित होना<br>• तेज़ी से बढ़ते औद्योगीकरण के कारण प्राकृतिक संपदा को क्षति पहुँचना<br>• पर्यावरण के प्रति वर्तमान पीढ़ी का जागरूक न होना | 5 | Step 1- 1 Mark<br>Step 2- 1 Mark<br>Step 3- 1 Mark<br>Step 4- 1 Mark<br>Step 5- 1 Mark |